This question paper contains 8+3 printed pages]

Your Roll No................

5851

**LL.B./IV Term.** **C**

Paper LB-402 : ADMINISTRATIVE LAW

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** :—इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt any *Five* questions.

*All* questions carry equal marks.

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. (*a*) Discuss the constitutionality of delegation of law making power by the legislature to subordinate authority referring to judicial decisions.

P.T.O.

(*b*) The legislature authorized municipality to levy tax on cinema halls without prescribing maximum limit and also gave power to levy any new tax for the purposes of the Act under U.P. Mahapalika Adhiniyam Act. Discuss with the help of judicial decisions whether it amounts to valid delegation of power. 20

(*a*) न्यायिक विनिश्चयों का संदर्भ देते हुए विधानमंडल द्वारा अधीनस्थ प्राधिकरण को विधि निर्माणी शक्ति के प्रत्यायोजन की सांविधानिकता का विवेचन कीजिए।

(*b*) विधानमंडल ने उ.प्र. महापालिका अधिनियम एक्ट के अधीन नगरपालिका को अधिकतम सीमा विहित किए बिना सिनेमा हॉलों पर कर उगाहने के लिए प्राधिकृत किया तथा उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के वास्ते कोई भी नया कर उगाहने का अधिकार भी दिया है। न्यायिक विनिश्चयों की सहायता से विवेचन कीजिए क्या यह शक्ति के वैध प्रत्यायोजन के समान है।

2. (*a*) Decide in light of decided cases, the validity of the decision of a Departmental Promotion Committee, where 'X' is one of the members of the committee and also a candidate for the post. 'X's' name appeared at the top of the list of selected candidates for promotions.

(*b*) How far doctrine of necessity permits exclusion of rules of natural justice ? Analyse with the help of decided cases. 20

(*a*) विनिश्चित केसों को ध्यान में रखते हुए विभागीय पदोन्नति समिति के विनिश्चय की विधिमान्यता का विनिश्चय कीजिए जबकि 'X' समिति का एक सदस्य है तथा पद के लिए प्रत्याशी भी है। 'X' का नाम पदोन्नति हेतु चयनित प्रत्याशियों की सूची के शीर्ष पर अंकित है।

(*b*) आवश्यकता का सिद्धांत नैसर्गिक न्याय के नियम के अपवर्जन की किस सीमा तक अनुमति देता है ? विनिश्चित वादों की सहायता से परीक्षण कीजिए।

3. (*a*) Explain the doctrine of separation of powers. Discuss whether the Constitution of India permits separation of powers or not and refer to relevant Articles of the constitution and judicial decisions.

(*b*) What are the advantages and disadvantages of tribunals. Discuss the Constitutionality of Articles 323 A(2)(d) and 323 B(3)(d) of the Indian Constitution. Substantiate your answer with judicial decisions. 20

(*a*) शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए। विवेचन कीजिए क्या भारत का संविधान शक्तियों के पृथक्करण की इजाज़त देता है या नहीं तथा संविधान के सुसंगत अनुच्छेद और न्यायिक विनिश्चयों को निर्देशित कीजिए।

(*b*) अधिकरणों के क्या-क्या लाभ और हानियाँ हैं ? भारत के संविधान के अनुच्छेद 323 A(2)(d) और 323 B(3)(d) की सांविधानिकता का विवेचन कीजिए। अपने उत्तर की पुष्टि न्यायिक विनिश्चयों से कीजिए।

4. (*a*) The Government made a policy for granting exemption from payment of tax to the newly established computer software companies in the IT Park for the period of one year. The Government had the power under the law of grant exemption to new and expanded computer software companies. 'A' who started a new computer software company was refused exemption from payment of tax as it was not established in the IT Park. 'A' challenged the decision of Government on the ground that it fettered its discretion by making a self-imposed policy. Decide and refer to judicial decisions.

(*b*) 'X', an engineer and also currently doing LL.B. evening course from Delhi University was dismissed from service on the charge of misconduct, after holding an enquiry. The presenting officer of the company was a legally qualified person. 'X' was denied legal representation by the enquiry officer on the ground that he is qualified and can defend himself. Is this decision of the enquiry officer valid ? Discuss referring to judicial decisions. 20

(*a*) सरकार ने एक वर्ष की अवधि हेतु आई.टी. पार्क में नव-स्थापित कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर कम्पनियों को कर के भुगतान से छूट मंजूर करने हेतु नीति बनाई। सरकार के पास विधि के अधीन नई तथा विस्तारित कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर कम्पनियों को छूट मंजूर करने की शक्ति थी। A को, जिसने नई कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर कम्पनी शुरू की थी, कर के भुगतान से छूट नामंजूर की

गई थी क्योंकि यह आई.टी. पार्क में स्थापित नहीं की गई है। A ने सरकार के विनिश्चय को इस आधार पर आक्षेपित किया कि इसने एक स्वयं-अधिरोपित नीति बनाकर अपने विवेकाधिकार पर अंकुश लगा दिया। विनिश्चय कीजिए तथा न्यायिक विनिश्चयों का हवाला दीजिए।

(*b*) एक इंजीनियर 'X' को, जो दिल्ली विश्वविद्यालय से इस समय एल-एल.बी. संध्या कोर्स की पढ़ाई कर रहा है, जांच करने के बाद अवचार के आरोप पर सेवा से बर्खास्त किया गया था। कम्पनी का प्रस्तोता अधिकारी विधि अर्हताप्राप्त व्यक्ति था। X को जांच अधिकारी द्वारा इस आधार पर विधिक अभ्यावेदन करने से मना कर दिया गया था कि वह अर्हताप्राप्त है तथा अपना बचाव कर सकता है। क्या जांच अधिकारी का उक्त निर्णय विधिमान्य है ? न्यायिक विनिश्चयों का हवाला देते हुए विवेचन कीजिए।

5. (*a*) Malafide exercise of power is an abuse of discretionary power. Discuss with the help of decided cases.

(*b*) What is the object of the Right to Information Act, 2005 ? Discuss the grounds of refusal to disclose information. 20

(*a*) शक्ति का असद्भावपूर्वक प्रयोग वैवेकिक शक्ति का दुरुपयोग है। विनिश्चित केसों की सहायता से विवेचन कीजिए।

(*b*) सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 का क्या उद्देश्य है ? सूचना के प्रकटीकरण की मनाही के आधारों का विवेचन कीजिए।

6. What are the conditions for grant of writ of *Mandamus*. To whom to writ can be issued and what are the grounds of issue of the writ. Refer to judicial decisions.

A Minister of Aviation announces in the Parliament for starting a flight to Gulf Countries from different airports in India within 6 months period. However, no flight was started within the stipulated time. A non-resident Indian wants to file a writ of *Mandamus* in the High Court compelling the Minister to start the flight. Advise him giving reasons. 20

परमादेश रिट की मंजूरी हेतु क्या शर्तें होती हैं ? रिट किसको जारी किया जा सकता है तथा रिट जारी करने के क्या आधार हैं ? न्यायिक विनिश्चयों का हवाला दीजिए।

विमानन के एक मंत्री ने 6 मास की अवधि के अन्दर भारत में विभिन्न एयरपोर्टों से गल्फ देशों को उड़ान शुरू करने की संसद में घोषणा की किन्तु नियत समय के अन्दर कोई उड़ान शुरू नहीं की गई। एक अनिवासी भारतीय, मंत्री को उड़ान शुरू करने हेतु विवश करने के लिए उच्च न्यायालय में परमादेश रिट फाइल करना चाहता है। उसको तर्कपूर्ण सलाह दीजिए।

7. (*a*) Write a note on Parliamentary control of rule making power through laying provisions. What are the legal consequences of non-laying ? Refer to decided cases.

(*b*) Explain *Wednesbury* and proportionality principles with the help of decided cases. 20

(*a*) लेइंग-प्रोविजनों (Laying Provisions) के माध्यम से नियम-निर्माण शक्ति के संसदीय नियंत्रण पर एक टिप्पणी लिखिए। न रखे जाने (Non-laying) के क्या विधिक परिणाम होते हैं ? विनिश्चित केसों का निर्देश कीजिए।

(*b*) विनिश्चित केसों की सहायता से **वेडनेसबरी** तथा समानुपातत: सिद्धान्तों की व्याख्या कीजिए।

8. Write short notes on any *two* of the following : 20

(*a*) Post-decisional hearing

(*b*) Rule of Law

(*c*) Consequences of non-supply of enquiry report.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(*a*) विनिश्चयोत्तर सुनवाई

(*b*) विधिसम्मत शासन

(*c*) जांच रिपोर्ट न दिए जाने के परिणाम।